# अब रात में भी स्ट्रीट फूड का मजा ले सकेंगे शहरवासी

## अगले तीन माह में वेंडिंग जोन बनाने की है योजना

दैनिक भास्कर, जमशेदपुर, गुरुवार 15 जुलाई, 2021

**सौगात...** जुबिली पार्क गेट के पास और जेएनएसी के करीब वेंडिंग जोन बनाने की तैयारी

# महानगरों की तर्ज पर साकची में नाइट स्ट्रीट फूड का लुत्फ उठाने के लिए बनेगा बाजार

### कोरोना थर्ड वेव नहीं आई तो 90 दिनों में शहरवासियों को मिलेगी सुविधा

सिटी रिपोर्टर | जमशेदपुर

अगर कोरोना थर्ड वेव नहीं आई तो शहरवासी 90 दिनों के बाद महानगर की तरह नाइट स्ट्रीट फूड का लुत्फ उठा सकेंगे। प्रशासन साकची के जुबिली पार्क गेट पास और जेएनएसी कार्यालय के पास वेंडिंग जोन को नाइट स्ट्रीट फूड मार्केट के तौर पर विकसित करेगा। इसकी तैयारी शुरू की है। बुधवार को डीसी सूरज कुमार ने जेएनएसी के एसओ कृष्णा कुमार व टाटा स्टील के लैंड डिपार्टमेंट के अधिकारियों के साथ दोनों वेंडिंग जोन का जायजा लिया। जुबिली पार्क गेट के पास और जेएनएसी के पास (बसंत टॉकिज के विपरीत) वेंडिंग जोन जुस्को बनाएगा। नाइट स्ट्रीट फूड मार्केट रात में कितने बजे तक खोला जाएगा, इसपर फैसला कोरोना के तीसरे लहर के बाद किया जाएगा। जेएनएसी के पास वेंडिंग जोन में कोरोना काल के बाद सब्जी की दुकानों को प्रशासन ने सोशल डिस्टेंसिंग ...



वेंडिंग जोन के निर्माण के लिए स्थल निरीक्षण करती टीम।

**ये सुविधाएं रहेंगी :** फ्लोरिंग, शेड, बिजली की आपूर्ति, पेयजल, शौचालय, आकर्षक लाइटिंग, पार्किंग, बैठने की व्यवस्था और सुरक्षा के लिए पुलिस बल।

लिए शिफ्ट किया है। सब्जी बाजार को कहां शिफ्ट किया जाएगा ... वेंडिंग जोन ...

### 3 माह में बन जाएगा वेंडिंग जोन

वेंडिंग जोन में रात के समय ऐसी व्यवस्था होगी, जिसमें शहरवासी परिवार के साथ आकर व्यंजनों का लुत्फ उठा सकेंगे। पर्यटक भी इसका लुप्त उठा सकेंगे व शहर की छवि अच्छी बनेगी। शहर में स्ट्रीट फूड का कल्चर है। दूसरे महानगरों की तरह शहर में नाइट कल्चर को प्रमोट करने की योजना बनाई है। 3 महीनों में वेंडिंग जोन का निर्माण पूरा किया जाएगा। संक्रमण का खतरा खत्म होने पर वेंडिंग जोन को नाइट स्ट्रीट फूड मार्केट के रूप में विकसित किया जाएगा। कोलकाता व अन्य ...

**नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार**